**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के 1-मंगलवार के लिये निर्धारित श्री मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 1 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि जनपद गाजीपुर मे किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु दिनांक 08 जनवरी, 2021 व दिनांक 11 अप्रैल, 2022 को देवेन्द्र प्रताप सिंह सभापति, वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति उ०प्र०, विधान परिषद का पत्र, जो कि मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हां। |
| (ख) क्या इसी क्रम में दिनांक 17 जून, 2022 को अतर सिंह राव, तत्कालीन सदस्य, विधान परिषद उत्तर प्रदेश का भी पत्र मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हां। |
| (ग) यदि हॉ, तो क्या पत्र में उल्लिखित लाभ सभी किसानों को प्राप्त होने लगा है ? | उक्त पत्रों मे उल्लिखित श्रीमती सुमन्ती राय ने पीएम-किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु दिनांक 03.02.2021 को पीएम-किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराया था। अप्रैल, 2021 से मार्च, 2022 तक श्रीमती सुमन्ती राय को तीन किश्ते देय थी। इनके डाटा सत्यापन होने के उपरान्त तीन किश्ते क्रमश: दिनांक 10.08.2021, 13.08.2021 व 15.07.2022 को निर्गत की जा चुकी है। |
| (घ) यदि नहीं, तो मा० जनप्रतिनिधियों के पत्राचार के बावजूद किसानों को उक्त लाभ न मिल पाने के कारण कौन-कौन से अधिकारी उत्तरदायी है ? | प्रश्न नहीं उठता है। |
| (ड.)किसानों को उक्त योजना का लाभ कब तक सुचारू रूप से प्राप्त होने लगेगा ? | यह भारत सरकार का नीतिगत विषय है। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।